# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## फरवरी-मार्च, 2006 सत्र

### मंगलवार, दिनांक 28 मार्च, 2006

## तारांकित प्रश्नोत्तर

राज्य आर्थिक अपराध शाखा द्वारा पंजीकृत प्रकरण

1. (*क्र. 2556) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य आर्थिक अपराध शाखा द्वारा वर्ष 2003 से छत्तीसगढ़ शासन के कितने अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया गया है ? नाम, पदनाम सहित जानकारी दें ? (ख) प्रश्नांश "क" के संबंध में कितने मामलों की जांच पूरी हो गई है एवं कितने प्रकरणों पर जांच चल रही है ? (ग) दोषी पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध शासन ने क्या कार्यवाही की है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) एवं (ग) पंजीबद्ध 7 प्रकरणों में से एक प्रकरण (अपराध क्रमांक-2/2003) में विवेचना पश्चात् आरोपी उमाशंकर वैश्य एवं अमरेश लोहिया के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति हेतु प्रतिवेदन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, मनेन्द्रगढ़ जिला-कोरिया तथा एक आरोपी श्री ए. बी. सिंह के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति हेतु मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग मंत्रालय, भोपाल को प्रेषित किया गया है. अभियोजन स्वीकृति अपेक्षित है. शेष प्रकरण विवेचना में है.

इमेजिंग टेक्नालॉजी पर आधारित जांच केन्द्रों के संबंध में

2. (*क्र. 1783) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में विभिन्न प्रकार के इमेजिंग टेक्नालॉजी पर आधारित पंजीकृत जांच केन्द्रों की संख्या कितनी-कितनी है ? जिलेवार विवरण देवें ? (ख) इमेजिंग टेक्नॉलॉजी पर आधारित जांच केन्द्रों के लिए शासन (राज्य/केन्द्र) की क्या-क्या नियम व शर्तें हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) : (क) प्रदेश में इमेजिंग टेक्नालॉजी पर आधारित पंजीकृत जांच केन्द्रों की संख्या कुल 331 है. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार है. (ख) अधिनियम एवं नियम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार.

विकासखण्ड बिलाईगढ़ एवं कसडोल में राजीव गांधी जलग्रहण मिशन कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर कार्यवाही

3. (*क्र. 977) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में राजीव गांधी जलग्रहण (वाटरशेड) मिशन कार्यक्रम अंतर्गत विकासखण्ड कसडोल एवं विकासखण्ड बिलाईगढ़ में कितने कार्य किए गए हैं ? (ख) क्या इस योजना के अंतर्गत बिलाईगढ़ में हुए कार्यों की कोई शिकायत हुई थी ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में परियोजना लागू न होने के कारण कार्य नहीं कराये गये. (ख) उत्तरांश "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र में पहुंच विहिन ग्रामों की जानकारी

4. (*क्र. 966) **कु. कामदा जोल्हे :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र

---

† परिशिष्ट "एक"

के अंतर्गत ग्राम-डूमाडीह, चुरेला, मुड़ियाडीह, नन्देली, सिलियारी, सिंघनपुर (ब), बोहारडीह, खर्रीबड़े, दलाल, नावापारा (दहिया), पहुंच मार्ग विहिन है ? (ख) यदि हां, तो इन ग्रामों में कब तक पहुंच मार्ग बनवाया जावेगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : (क) रायगढ़ जिले के सारंगढ़ विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डुमाडीह (कोतरी), चुरेला, मुड़ियाडीह, नन्देली, सिलियारी, सिंघनपुर (ब), बोहारडीह, दलाल, नावापारा (दहिदा) पहुंच मार्ग विहीन हैं तथा ग्राम खर्रा (बड़े) पहुंच मार्ग विहीन नहीं है. (ख) पहुंच मार्ग निर्माण के लिये शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं है. निजी भू-स्वामियों से पहुंच मार्ग प्रयोजन के लिये भू-अर्जन/त्यजन करने के पश्चात् ही पहुंच मार्ग निर्माण प्रस्तावित किया जा सकेगा.

शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों में अधिकारियों के स्वीकृत पद

5. (*क्र. 1558) **श्री नन्दकुमार पटेल** : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में शासकीय महाविद्यालयों में नवीन सेटअप अनुसार क्रीड़ाधारियों एवं पुस्तक अध्यक्ष के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं एवं कितने-कितने कार्यरत हैं ? (ख) नवीन सेटअप के पूर्व कितने पद स्वीकृत थे ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चन्द्राकर ) : (क) राज्य के शासकीय महाविद्यालयों में नवीन सेटअप अनुसार क्रीड़ा अधिकारियों के 75 पद स्वीकृत हैं. पुस्तक अध्यक्ष के कोई पद स्वीकृत नहीं है, परन्तु उच्च शिक्षा विभाग में ग्रंथपाल के 112 पद स्वीकृत हैं. इन स्वीकृत पदों के विरुद्ध क्रीड़ा अधिकारी 68 तथा ग्रंथपाल 55 कार्यरत है. (ख) नवीनी सेटअप के पूर्व क्रीड़ा अधिकारी के 103 तथा ग्रंथपाल के 112 पद स्वीकृत थे.

विधान सभा क्षेत्र कटघोरा के ग्रामों के टोलों/मुहल्लों के विद्युतीकरण बाबत

6. (*क्र. 2549) **श्री बोधराम कंवर** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कटघोरा, जिला-कोरबा के किन-किन ग्रामों के टोलों/मुहल्लों का 1 अप्रैल, 2005 से 28-2-2006 के बीच विद्युतीकरण किया गया है ? (ख) वित्तीय वर्ष 2005-2006 में कितने टोलों/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित था ? ग्रामवार जानकारी दें. (ग) ग्राम छुरीकला, विकासखण्ड कटघोरा के किन-किन टोलों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है तथा कब तक विद्युतीकरण किया जायेगा.

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : (क) 1 अप्रैल 2005 से 28 फरवरी 2006 के बीच कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम रेन्की, नेवसा, मलगांव एवं कटघोरा के टोलों/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया गया है. (ख) वित्तीय वर्ष 2005-06 में कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के 11 टोलों/मुहल्लों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है. इन टोलों/मुहल्लों के ग्रामवार नाम † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गए हैं. (ग) विकासखण्ड कटघोरा के ग्राम छुरीकला के 4 टोलों/मुहल्लों यथा बेलहाभाटा, हरिजनपारा, राउतपारा एवं रावणभाटा का विद्युतीकरण किया जाना शेष है. वर्ष 2009 तक शतप्रतिशत घरों तक विद्युत सुविधा उपलब्ध कराए जाने के राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति हेतु केन्द्र शासन के ''राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम'' के अंतर्गत कोरबा जिले की योजना बनाई गई है, जिसमें ग्राम छुरीकला के सभी अविद्युतीकृत टोले/मुहल्ले शामिल है. योजना की स्वीकृति उपरांत योजना अवधि में अन्य ग्रामों के साथ ग्राम छुरीकला के उक्त टोलों/मुहल्लों में विद्युतीकरण की कार्यवाही की जायेगी.

खनन पट्टे की स्वीकृति के संबंध में

7. (*क्र. 2435) **श्री देवव्रत सिंह** : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य शासन द्वारा वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में किन-किन व्यक्ति अथवा उद्योगों को लौह इस्पात के खनन पट्टे (लीज) हेतु पूर्वेक्षण लीज तथा (माइनिंग लीज) की स्वीकृति प्रदान की गई ? (ख) क्या उक्त खनन पट्टों के स्वीकृत आदेश में खनन प्रारंभ करने के एक वर्ष के भीतर राज्य में कहीं भी प्रसंस्करण अथवा निर्माण उद्योग की शर्त का प्रावधान है ? (ग) यदि हां, तो कितने व्यक्ति अथवा कंपनियों द्वारा लौह अयस्क खनन पट्टा प्राप्त करने के भीतर उद्योग की स्थापना नहीं की गई है ? कृपया नाम सहित जानकारी दें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) से (ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

---

† परिशिष्ट ''दो''

पत्थलगांव क्षेत्र में विद्युतीकरण हेतु स्वीकृत राशि

8. ( *क्र. 2458) **श्री रामपुकार सिंह :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रश्नकर्त्ता द्वारा वर्ष 2005-06 में छ.ग.वि. मण्डल को पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन ग्रामों के विद्युतीकरण हेतु कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है ? (ख) उपरोक्त प्राप्त राशि में से किन-किन ग्रामों में विद्युतीकरण का कार्य कर लिया गया ? (ग) शेष बचे हुए ग्रामों का विद्युतीकरण कब तक कर लिया जायेगा ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) विधायक निधि से वर्ष 2005-06 में पत्थलगांव विधान सभा क्षेत्र के 6 ग्रामों यथा मिर्जापुर, केराकछार, काडरो, बालाझर, पत्थलगांव एवं बुढ़ाडाण्ड में विद्युतीकरण हेतु क्रमशः 32091.00 रुपये, 45997.00 रुपये, 46433.00 रुपये, 45447.00 रुपये, 11833.00 रुपये एवं 19922.00 रुपये की राशि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल को प्राप्त हुई है. (ख) उपरोक्त राशि फरवरी 2006 के अंतिम सप्ताह में प्राप्त हुई है. कार्यादेश जारी किये जा चुके हैं एवं कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जा रहे हैं. (ग) उक्त ग्रामों में विद्युतीकरण के कार्य यथा शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किये जा रहे हैं.

जिला जांजगीर-चांपा के ब्लाक मुख्यालयों में मिनी स्टेडियम का निर्माण

9. ( *क्र. 195) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या राज्य शासन के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में एक मिनी स्टेडियम का निर्माण कराने की योजना है ? (ख) यदि हां, तो पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय पामगढ़ एवं नवागढ़ में सुविधायुक्त खेल का मैदान (मिनी स्टेडियम) कब तक बनाया जाएगा ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : (क) जी नहीं. अपितु प्रदेश के 69 ग्रामीण विकासखण्ड मुख्यालयों में मिनी स्टेडियम निर्माण कराने की योजना है. (ख) ग्रामीण विकासखण्ड मुख्यालय पामगढ़ में खेल मैदान (मिनी स्टेडियम) बनाये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है. वर्तमान में नवागढ़ विकासखण्ड का मुख्यालय जांजगीर अधिसूचित होने के कारण मिनी स्टेडियम बनाने का निर्णय नहीं लिया गया है.

संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के तहत प्राप्त लाभांश का वितरण

10. ( *क्र. 2611) **श्री संजय ढीढी :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) आरंग विकासखण्ड अंतर्गत वर्ष 2004-05 व 2005-06 में जनपद पंचायत आरंग को कितनी-कितनी राशि संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना तथा उत्खनन कार्य के लाभांश (रायल्टी) के रूप में प्राप्त हुई है ? (ख) लाभांश से प्राप्त राशि के वितरण के क्या मापदंड है ? (ग) उक्त प्राप्त राशि किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी राशि कौन-कौन सी ग्राम पंचायत को दी गई ?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : (क)

| क्र. | वर्ष | संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजनांतर्गत 30 प्रतिशत मद से प्राप्त राशि (राशि रु. लाख में) | उत्खनन कार्य के लाभांश (रायल्टी) (राशि रुपयों में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2004-05 | 34.27 | 1,02,00,977.00 |
| 2. | 2005-06 | 50.99 | अप्राप्त |

(ख) उत्खनन कार्य के लाभांश (रायल्टी) से प्राप्त राशि के वितरण का मापदंड निम्नानुसार है :—

| क्र. | राशि | ग्राम पंचायत को | जनपद पंचायत को |
|---|---|---|---|
| 1. | रु. 2.50 लाख तक संपूर्ण | 100% | - |
| 2. | रु. 2.50 लाख से अधिक रु. 5.00 लाख तक | 80% | 20% |
| 3. | रु. 5.00 लाख से अधिक रु. 10.00 लाख तक | 50% | 50% |
| 4. | रु. 10.00 लाख से अधिक रु. 20.00 लाख तक | 20% | 80% |
| 5. | रु. 20.00 लाख से अधिक | - | 100% |

(ग) ग्राम पंचायतों को वर्ष 2004-05 में दी गई उत्खनन लाभांश (रायल्टी) राशि का विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है.

### चिकित्सा से संबंधित उपकरणों की खरीदी हेतु आमंत्रित निविदाओं की जानकारी

11. (*क्र. 1766) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या निविदा क्रमांक डी.एच.एस./0001/सी.पी.सी./2004-2005/705 दिनांक 30-9-2004 के द्वारा चिकित्सा उपकरणों की खरीदी हेतु निविदायें आमंत्रित की गई थी ? यदि हां, तो किन शर्तों के अधीन, कितने की खरीदी की जानी थी ? अर्हताएं क्या थी ? किस-किस ने निविदा में भाग लिया ? (ख) प्री-क्वालिफिकेशन में कौन-कौन किस आधार पर पात्र एवं अपात्र पाए गये ? (ग) कुल कितने-कितने का क्रय आदेश किसको-किसको दिया गया ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) जी हां. शर्तों एवं अर्हताओं का विवरण निविदा दस्तावेज पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. लगभग 10 करोड़ के बजट प्रावधान के अधीन क्रय का प्रस्ताव था. निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार. (ख) पात्र एवं अपात्र पाये गये निविदादाताओं का विवरण एवं आधार पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" अनुसार. (ग) प्रदायित क्रय आदेशों का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "द" अनुसार.

### कोरिया जिला के विकासखण्ड जनकपुर में 100 बिस्तर अस्पताल भवन निर्माण एवं डाक्टरों की पदस्थापना के संबंध में

12. (*क्र. 1251) **श्री गुलाब सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड मुख्यालय के जनकपुर में 100 बिस्तर अस्पताल की स्वीकृति कब हुई थी तथा भवन निर्माण हेतु कितनी राशि आवंटित की गई थी?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : दिनांक 25-9-2001. प्रशासकीय स्वीकृति की राशि रुपये 236.90 लाख.

### दवाईयों की खरीदी हेतु जारी टेण्डर की शर्तें

13. (*क्र. 2587) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माह नवम्बर 2005 में विभाग द्वारा किन-किन दवाईयों एवं सामग्री की खरीदी के लिए टेण्डर जारी किया गया ? टेण्डर की शर्तें क्या थी ? (ख) क्या ये सही है कि दवाईयों के साथ टेण्डर में लेखन एवं स्टेशनरी सामग्री को एकजाई कर टेण्डर बुलाये गये थे ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : (क) जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | विभागाध्यक्ष का नाम | माह/वर्ष | दवाईयों/सामग्री की खरीदी |
|---|---|---|---|
| 1. | संचालक, चिकित्सा शिक्षा | नवम्बर, 2005 | दवाईयों, चिकित्सकीय उपकरण तथा सामग्री के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में एवं टेण्डर की शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" अनुसार. |
| 2. | संचालक, स्वास्थ्य सेवायें | नवम्बर, 2005 | दवाईयों हेतु टेण्डर नहीं बुलाये गये. स्टेशनरी एवं लेखन सामग्री की निविदा आमंत्रित की गई थी. टेण्डर की शर्तें पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "स" अनुसार. |

(ख) जी नहीं.

### खनिज रियायतों हेतु केन्द्र को प्रेषित प्रस्ताव

14. (*क्र. 2504) **श्री रामचंद्र सिंहदेव :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या दिनांक 1-11-2000 से 4-10-2004 तक लौह अयस्क खनिज रियायतों के प्रस्ताव केन्द्र को प्रेषित किये गये हैं ? (ख) क्या दिनांक 1-11-2000 से 28-1-2006 तक प्रेषित प्रस्तावों के आवेदकों द्वारा उद्योग की स्थापना कर दी गयी है ? यदि नहीं, तो किस-किस ने नहीं की ?

† परिशिष्ट "तीन"

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) एवं (ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है.

बिलासपुर जिले में बाक्साइट के उत्खनन हेतु लीज की जानकारी

15. ( *क्र. 1525) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि जिला बिलासपुर के अंतर्गत कौन-कौन से गावों में कितने रकबे में बाक्साइट की लीज कौन-कौन से व्यक्ति या संस्थान को कब से प्रदान की गई है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह) : बिलासपुर जिले में बाक्साइट की कोई लीज प्रदान नहीं की गई है.

छत्तीसगढ़ में बायोडीजल संयंत्र की स्थापना

16. ( *क्र. 2495) **श्री राजेन्द्र पामभोई :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ राज्य में बायोडीजल उत्पादन का संयंत्र कितनी-कितनी क्षमता का कहां-कहां, कितनी लागत का स्थापित किया गया है ? स्थापना के बाद से माहवार कहां-कहां कितना-कितना उत्पादन हुआ तथा उत्पादन लागत प्रति लीटर क्या है ? (ख) छत्तीसगढ़ बायोडीजल फ्यूल डेवलपमेंट एथॉरिटी ने निविदा सी.बी.डी.ए./एन.आई.टी.-4/2005 के द्वारा कुल कितने बायोडीजल संयंत्र तथा डीजल जनरेटर सेट कितनी-कितनी क्षमता के किनसे-किनसे कब-कब कितनी-कितनी राशि की खरीदी की है ? इन खरीदे गये संयंत्रों की स्थापना तथा उत्पादन की अद्यतन स्थिति क्या है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण द्वारा 1 बायोडीजल संयंत्र क्षमता 1 किलो लीटर प्रतिदिन की स्थापना रायपुर में की गई है जिसकी लागत रु. 22.34 लाख है. दिनांक 28-8-2005 को इस बायोडीजल संयंत्र की स्थापना के बाद माहवार उत्पादन की स्थिति निम्नानुसार है :—

| क्र. | माह | उत्पादित बायोडीजल की मात्रा ( लीटर में ) |
|---|---|---|
| 1. | अगस्त 2005 | 391.0 |
| 2. | सितम्बर 2005 | 1960.0 |
| 3. | अक्टूबर 2005 | 326.0 |
| 4. | नवंबर 2005 | 689.0 |
| 5. | दिसम्बर 2005 | 862.0 |
| 6. | जनवरी 2006 | 718.1 |
| 7. | फरवरी 2006 | 1642.36 |

बायोडीजल की औसत उत्पादन लागत रु. 17.55 प्रति लीटर है. (ख) छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण ने निविदा क्रमांक सी.बी.डी.ए./एन.आई.टी.-4/2005 के तहत कोई भी बायोडीजल संयंत्र तथा डीजल जनरेटर सेट अभी तक नहीं खरीदे हैं. कोई भी संयंत्र निविदा के तहत अभी तक खरीदे न जाने के कारण संयंत्र की स्थापना एवं उत्पादन की अद्यतन स्थिति निरंक है.

डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 11वें वित्त आयोग द्वारा कराये गये निर्माण कार्य

17. ( *क्र. 2212) **लाल महेन्द्र सिंह टेकाम :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिला के डौंडीलोहारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखण्ड डौंडी एवं डौंडीलोहारा में वर्ष 2005-06 में 11वें वित्त आयोग द्वारा कौन-कौन से निर्माण कार्य, कितनी राशि के कहां-कहां कराये गए ? (ख) क्या सभी स्वीकृत कार्य पूर्ण हो गये हैं ? यदि नहीं, तो कितने पूर्ण हैं एवं कितने अपूर्ण हैं?

**पंचायत मंत्री** (श्री अजय चंद्राकर ) : (क) वर्ष 2005-06 में कोई कार्य स्वीकृत नहीं हुए. पूर्व वर्षों के स्वीकृत कार्यों को प्रश्नांकित अवधि में कराए गये की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) पूर्व वर्षों के स्वीकृत कार्य जिन्हें वर्ष 2005-06 में निर्माण कराए गए उनमें से 11 कार्य पूर्ण तथा 01 कार्य अपूर्ण है.

---

† परिशिष्ट ''चार''

लौह अयस्क क्षेत्रों को एन.एम.डी.सी. के लिए सुरक्षित रखने के संबंध में

18. ( *क्र. 2339) **श्री भूपेश बघेल :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में एन.एम.डी.सी. के लिए लौह अयस्क के किन-किन क्षेत्रों को सुरक्षित रखा गया है ? (ख) प्रदेश में एन.एम.डी.सी. के पास लौह अयस्क की कितनी खनि रियायतें स्वीकृत, अनुशंसित, अनुमोदित है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) प्रदेश में एन.एम.डी.सी. के लिए लौह अयस्क का कोई क्षेत्र सुरक्षित नहीं रखा गया है. (ख) प्रदेश में एन.एम.डी.सी. के पक्ष में दंतेवाड़ा जिले में लौह अयस्क के निम्नलिखित खनिपट्टे स्वीकृत हैं :—

| क्र. | ग्राम का नाम | रकबा ( हेक्टर में ) | पट्टे की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | बचेली | 540.050 | 26-6-2002 से 25-6-2022 |
| 2. | बचेली | 142.800 | 29-7-98 से 28-7-2018 |
| 3. | बचेली | 309.340 | 29-7-98 से 28-7-2018 |
| 4. | किरन्दुल | 874.924 | 29-6-2002 से 28-6-2022 |
| 5. | किरन्दुल | 322.368 | 29-6-2002 से 28-6-2022 |
| 6. | किरन्दुल | 506.742 | 9-6-2002 से 8-6-2022 |
| 7. | भांसी * | 3308.340 * | 3-8-77 से 2-8-2007 * |

* वर्ष 1979 के पश्चात् से सतत रूप से खनन कार्य बन्द रहने के कारण यह खनिपट्टा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 4 ए (4) के प्रावधान के तहत व्यपगत खनिपट्टे की श्रेणी में आ गया है. उपर्युक्त के अतिरिक्त एन.एम.डी.सी. के पक्ष में अन्य कोई खनि रियायतें स्वीकृत, अनुशंसित या अनुमोदित नहीं है.

रायपुर जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर के संबंध में

19. ( *क्र. 2315) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत वर्ष 2005-2006 में कहां-कहां जन शिकायत (समस्या) निवारण शिविर कब-कब आयोजित किया गया ? (ख) उक्त शिविरों में किस-किस विभाग की कितनी-कितनी शिकायतें प्राप्त हुई, कितने का निराकरण किया गया एवं कितनी लंबित है ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) बिलाईगढ़ में दिनांक 25-10-2005 को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के ग्रामों में विद्युतीकरण

20. ( *क्र. 1608) **श्री लच्छूराम कश्यप :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन ग्रामों के मजरों-टोलों में विद्युतीकरण का कार्य शेष है ? ग्रामवार जानकारी देवें, तथा पूर्ण करने का लक्ष्य कब तक है ? (ख) वित्तीय वर्ष 2003-04 एवं 2004-05 में कितने ग्रामों के मजरों-टोलों में विद्युतीकरण/विद्युत विस्तार का कार्य किया गया है ? ग्रामवार मजरों-टोलों का नाम बतावें ?

**मुख्यमंत्री** (डॉ. रमन सिंह ) : (क) जनगणना विवरण, जिसमें ग्रामों के मजरों/टोलों का उल्लेख है, के अनुसार चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के 88 ग्रामों के मजरों/टोलों का विद्युतीकरण किया जाना शेष है. इन ग्रामों के नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-I में दर्शाए गए हैं. वर्ष 2009 तक शतप्रतिशत घरों तक विद्युत सुविधा उपलब्ध कराए जाने के राष्ट्रीय लक्ष्य की पूर्ति हेतु केन्द्र शासन के ''राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम'' के अंतर्गत जगदलपुर एवं दंतेवाड़ा जिलों की योजनाएं बनाई गई है, जिनमें चित्रकोट विधान सभा क्षेत्र के सभी ग्रामों के अविद्युतीकृत मजरे/टोले शामिल है. योजना की स्वीकृति उपरांत योजना अवधि में सभी अविद्युतीकृत मजरों/टोलों में विद्युतीकरण की कार्यवाही की जायेगी. (ख) वित्तीय वर्ष 2003-04 एवं 2004-05 में कुल 8 ग्रामों के 21 मजरों/टोलों का विद्युतीकरण किया गया है. ग्रामवार मजरों/टोलों के नाम पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-II में दर्शाए गये हैं.

† परिशिष्ट ''पांच''

विकासखण्ड कसडोल एवं बिलाईगढ़ में शिक्षित बेरोजगारों को प्रदत्त बेरोजगारी भत्ते की जानकारी

21. ( *क्र. 978) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2004-05 एवं 2005-06 में कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के कितने शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया गया है ?

**पंचायत मंत्री** ( श्री अजय चन्द्राकर ) :

**कसडोल विकासखण्ड**

वर्ष 2004-05 कुल 236.
वर्ष 2005-06 कुल 176.

**बिलाईगढ़ विकासखण्ड**

वर्ष 2004-05 कुल 124.
वर्ष 2005-06 कुल 115.

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा में पदस्थ स्टॉफ नर्स के संबंध में

22. ( *क्र. 2213) **लाल महेन्द्र सिंह टेकाम :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला चिकित्सालय, दुर्ग एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डौण्डीलोहारा में स्टॉफ नर्स के कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पद में से कितने रिक्त हैं ? जानकारी पृथक-पृथक दें ? (ख) क्या यह सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डौण्डीलोहारा में पदस्थ स्टॉफ नर्स अन्य चिकित्सालय में संलग्नीकृत है ? यदि हां, तो क्यों एवं कब से, कहां संलग्नीकृत है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य** ( डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ) : (क) जिला चिकित्सालय दुर्ग में स्वीकृत 25 पदों के विरुद्ध 44 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डीलोहारा में 3 के विरुद्ध 4 स्टाफ नर्स कार्यरत है. स्टाफ नर्स का पद रिक्त नहीं है. (ख) जी नहीं. प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

महासमुन्द जिले के बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर के संबंध में

23. ( *क्र. 2316) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) महासमुंद जिले के बसना एवं पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत वर्ष 2005-2006 में कहां-कहां जन समस्या निवारण शिविर कब-कब आयोजित किया गया ? (ख) उक्त शिविरों में विभागवार प्राप्त शिकायतों की संख्या एवं निराकृत प्रकरणों की संख्या तथा लंबित प्रकरणों की संख्या बतायें ?

**मुख्यमंत्री** ( डॉ. रमन सिंह ) : (क) विकासखण्ड बसना में जमदरहा एवं बसना में क्रमश: दिनांक 23-4-2005 एवं दिनांक 18-8-2005 को तथा विकासखण्ड पिथौरा में बम्हनी, सांकरा व पिथौरा में क्रमश: दिनांक 16-4-2005, दिनांक 9-9-2005 एवं दिनांक 7-12-2005 को जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया है. (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है.

----------

† परिशिष्ट ''छ:''

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

## परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 01 (क्र. 2556) के भाग (क) की जानकारी ]

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा वर्ष 2003 से छत्तीसगढ़ शासन के तथा नगरीय निकायों के निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध निम्नानुसार मामला पंजीबद्ध किया गया है :-

| क्र. | अपराध क्रमांक | अधिकारियों/कर्मचारियों का नाम |
|---|---|---|
| 1. | 1/2003 | 1. श्री लोकेश्वर साहू, आयुक्त नगर निगम, राजनांदगांव<br>2. श्री यू. के. रामटेके, कार्यपालन यंत्री, नगर निगम राजनांदगांव<br>3. श्री जयनारायण, उपयंत्री, नगर निगम, राजनांदगांव<br>4. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, राजनांदगांव एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारीगण. |
| 2. | 2/2003 | 1. श्री ए. बी. सिंह, तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ जिला-कोरिया,-वर्तमान उपायुक्त नगर पालिका निगम, सिंगरौली, मध्यप्रदेश.<br>2. श्री उमाशंकर वैश्य, मुख्य लिपिक/लेखापाल नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ कोरिया.<br>3. श्री अमरेश लोहिया, उपयंत्री नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ कोरिया |
| 3. | 1/2004 | 1. श्री राबर्ट हंग्डोला, तत्कालीन प्रमुख सचिव, छ. ग. शासन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग रायपुर.<br>2. श्री नारायण सिंह, तत्कालीन सचिव, छ. ग. शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर.<br>3. श्री जे. एल. भाष्कर, तत्कालीन अपर आयुक्त, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग रायपुर.<br>4. श्री डी. एस. ध्रुवे, उपायुक्त, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग रायपुर.<br>5. श्री ए. के. मिश्रा, उपायुक्त, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग रायपुर.<br>6. श्री पी. के. चक्रवर्ती, अपर संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर<br>7. श्री ए. सी. मिश्रा, संयुक्त संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर<br>8. श्री एन. के. तिवारी, सहायक संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर<br>9. श्री महेश कुमार पांडे, अपर संचालक, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग रायपुर |
| 4. | 1/2005 | 1. श्री सुनील कुमार निगम, शाखा प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य भण्डारगृह निगम, शाखा कुनकुरी, जशपुर एवं अन्य. |
| 5. | 2/2005 | तत्कालीन कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उप यंत्री, जल संसाधन विभाग, मिनी माता बांगों नहर संभाग क्रमांक-5, खरसिया, जिला-रायगढ़. |
| 6. | 1/2006 | श्री विजय कुमार अनंत, निरीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन विभाग, जगदलपुर (बस्तर) |
| 7. | 7/2006 | श्री अनिल शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ प्रदूषण निवारण मण्डल, रायपुर. |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 06 (क्र. 2549) के भाग (ख) की जानकारी ]

**वर्ष 2005-06 में विद्युतीकरण किये जाने हेतु कटघोरा विधान सभा क्षेत्र के चयनित/प्रस्तावित टोलों/मुहल्लों की ग्रामवार सूची**

| क्रमांक | ग्राम | टोला/मुहल्ला का नाम |
| --- | --- | --- |
| 1. | छिन्दपानी | भादाकछार |
| 2. | रेन्की | रेन्की बसाहट (आवासपारा) |
| 3. | नेवसा | नेवसा |
| 4. | मलगांव | मलगांव कैम्प |
| 5. | कटघोरा | पूछापारा |
| 6. | नेवसा | नेवसा जलाशय पारा (नेवसापाट) |
| 7. | नवापारा | ढोढ़कीपारा |
| 8. | थंवईपुर | बुढ़ापार |
| 9. | चोढ़ा | भेलवाडोंगरी |
| 10. | अंडीकछार | तीन टिकियापारा |
| 11. | उड़ता | सिर बिदियापारा |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 2611) के भाग (ग) की जानकारी ]

| क्रमांक (1) | ग्राम पंचायत का नाम (2) | कुल लाभांश राशि (3) | ग्राम पचांयत को दी गई राशि (4) | जनपद पंचायत को दी गई राशि (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कायाबांधा | 32000.00 | 32000.00 | - |
| 2. | मंदिर हसौद | 2789474.00 | 900000.00 | 1889474.00 |
| 3. | बहानाकाडी | 1284534.00 | 756907.00 | 527627.00 |
| 4. | धनसूली | 3042350.00 | 900000.00 | 2142350.00 |
| 5. | नरदाहा | 1108110.00 | 721622.00 | 386488.00 |
| 6. | पचेड़ा | 69750.00 | 69750.00 | - |
| 7. | बिरबीरा | 81525.00 | 81525.00 | - |
| 8. | सौरभाठ | 12000.00 | 12000.00 | - |
| 9. | समोदा | 6000.00 | 6000.00 | - |
| 10. | अकोलडीह | 1137505.00 | 768753.00 | 368752.00 |
| 11. | गनौद | 165475.00 | 165475.00 | - |
| 12. | नवागांव | 90000.00 | 90000.00 | - |
| 13. | लखौली | 30500.00 | 30500.00 | - |
| 14. | पारागांव | 44504.00 | 44504.00 | - |
| 15. | निसदा | 68750.00 | 68750.00 | - |
| 16. | कुकरा | 220500.00 | 220500.00 | - |
| 17. | हरदी | 6000.00 | 6000.00 | - |
| 18. | नवागांव | 12000.00 | 12000.00 | - |

# परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 2212) के भाग (क) की जानकारी ]

| क्र. (1) | कार्य का नाम (2) | स्वीकृत वर्ष (3) | प्रशा. स्वी. राशि (4) | कार्य की भौतिक स्थिति (5) | रिमार्क (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पूर्व माध्य. शाला भवन निर्माण, खोलझर | 2003-04 | 4.00 | पूर्ण | 10/2005 |
| 2. | पूर्व माध्य. शाला भवन निर्माण, मडियाकट्टा | 2003-04 | 4.00 | पूर्ण | 10/2005 |
| 3. | पूर्व माध्य. शाला भवन निर्माण, सिरपुर | 2003-04 | 4.00 | पूर्ण | 10/2005 |
| 4. | पूर्व. माध्य. शाला भवन निर्माण, माटरी | 2004-05 | 4.00 | पूर्ण | 12/2005 |
| 5. | ग्राम पचांयत भवन निर्माण, खल्लारी | 2004-05 | 2.50 | पूर्ण | 10/2005 |
| 6. | ग्राम पंचायत भवन निर्माण, गुजरा | 2004-05 | 2.50 | पूर्ण | 10/2005 |
| 7. | ग्राम पंचायत भवन निर्माण, पथराटोला | 2004-05 | 2.50 | पूर्ण | 12/2005 |
| 8. | ग्राम पंचायत भवन निर्माण, कोटेरा | 2004-05 | 2.50 | पूर्ण | 7/2005 |
| 9. | ग्राम पंचायत भवन निर्माण, तुड़मुड़ा | 2004-05 | 2.50 | अपूर्ण | - |
| 10. | चबुतरा निर्माण, कमकापार | 2004-05 | 0.70 | पूर्ण | 10/2005 |
| 11. | विद्युतीकरण कार्य, अरमुरकसा | 2004-05 | 0.78 | पूर्ण | 10/2005 |
| 12. | विद्युतीकरण कार्य, रायगढ़ (आवास पारा) | 2004-05 | 0.78 | पूर्ण | 11/2005 |
| | | योग | 30.76 | | |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 19 (क्र. 2315) के भाग (ख) की जानकारी ]

**बिलाईगढ़ जन समस्या निवारण शिविर दिनांक 25-10-2005 में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति**

| क्र. (1) | विभाग का नाम (2) | प्राप्त आवेदन (3) | निराकृत आवेदन (4) | लंबित आवेदन (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व | 714 | 714 | 0 |
| 2. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 329 | 329 | 0 |
| 3. | कृषि | 19 | 19 | 0 |
| 4. | वन | 18 | 18 | 0 |
| 5. | शिक्षा | 35 | 35 | 0 |
| 6. | जल संसाधन | 31 | 31 | 0 |
| 7. | उद्यानिकी | 32 | 32 | 0 |
| 8. | पशु चिकित्सा | 3 | 3 | 0 |
| 9. | विद्युत | 83 | 83 | 0 |
| 10. | स्वास्थ्य | 142 | 142 | 0 |
| 11. | लोक निर्माण | 20 | 20 | 0 |
| 12. | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 35 | 35 | 0 |
| 13. | रोजगार पंजीयन | 470 | 470 | 0 |
| 14. | पुलिस | 19 | 19 | 0 |
| 15. | परिवहन | 600 | 600 | 0 |
| 16. | महिला एवं बाल विकास | 14 | 14 | 0 |
| 17. | आदिमजाति कल्याण | 6 | 6 | 0 |
| 18. | सहकारिता | 12 | 12 | 0 |
| 19. | जिला उद्योग केन्द्र | 6 | 6 | 0 |
| 20. | आबकारी | 35 | 35 | 0 |
| | **कुल योग** | **2623** | **2623** | **0** |

परिशिष्ट "छः"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 2316) के भाग (ख) की जानकारी ]

**विकासखण्ड बसना एवं पिथौरा में वर्ष 2005-06 में आयोजित जन समस्या निवारण शिविरों के आवेदन पत्रों की विभागवार जानकारी**

| क्र. (1) | विभाग का नाम (2) | प्राप्त आवेदन (3) | निराकृत आवेदन (4) | लंबित आवेदन (5) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व | 1244 | 1244 | 0 |
| 2. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास | 191 | 188 | 3 |
| 3. | कृषि | 5 | 5 | 0 |
| 4. | वन | 36 | 18 | 18 |
| 5. | शिक्षा | 46 | 46 | 0 |
| 6. | जल संसाधन | 17 | 11 | 6 |
| 7. | खाद्य | 8 | 8 | 0 |
| 8. | पशु चिकित्सा | 4 | 3 | 1 |
| 9. | विद्युत | 107 | 70 | 37 |
| 10. | स्वास्थ्य | 63 | 63 | 0 |
| 11. | लोक निर्माण | 13 | 13 | 0 |
| 12. | लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी | 78 | 78 | 0 |
| 13. | रोजगार पंजीयन | 184 | 184 | 0 |
| 14. | पुलिस | 8 | 8 | 0 |
| 15. | परिवहन | 75 | 75 | 0 |
| 16. | महिला एवं बाल विकास | 18 | 18 | 0 |
| 17. | खनिज | 3 | 3 | 0 |
| 18. | मत्स्य | 6 | 6 | 0 |
| 19. | आदिमजाति कल्याण | 8 | 8 | 0 |
| 20. | सहकारिता | 6 | 6 | 0 |
| 21. | नगरीय निकाय | 1 | 1 | 0 |
| 22. | जिला उद्योग केन्द्र | 2 | 2 | 0 |
| 23. | पंचायत एवं समाज कल्याण | 13 | 13 | 0 |
| 24. | आबकारी | 5 | 2 | 3 |
| | **कुल योग** | **2141** | **2073** | **68** |